दिनांक

# कितने कौए

दिवस : 99

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को हाव–भाव के साथ कहानी सुनाएँ एवं विद्यार्थियों को कहानी सुनाने का अवसर दें। साथ ही साथ कहानी के आधार पर बातचीत करें।

एक बार अकबर अपने बगीचे में टहल रहे थे। एक कौआ उनके सिर पर मँडराने लगा। उन्होंने कौए को हाथ से उड़ा दिया।



दो कदम चले कि कौआ फिर आ गया। उसने अकबर को चोंच मारी। अकबर को बहुत गुस्सा आया। वे बगीचे से लौट आए।

दूसरे दिन दरबार लगा। अकबर ने प्रश्न किया– ''हमारी राजधानी में कितने कौए होंगे?''

सभी मंत्री, राजदरबारी और कर्मचारी दंग रह गए! भला, यह कैसा प्रश्न है! सब चुप!

अकबर फिर बोले – ''मुझे अपने प्रश्न का तुरंत उत्तर चाहिए। बीरबल तुम भी चुप बैठे हो?''

# कितने कौए





बीरबल ने कहा– ''ठीक है हुज़ूर, इस काम को पूरा करने के लिए मुझे एक हज़ार अशर्फियाँ चाहिए।''

बीरबल एक हज़ार अशर्फियों की थैली लेकर घर चले गए। सप्ताह भर आराम करते रहे।

बीरबल ठीक सात दिन बाद दरबार में दाखिल हुए।

अकबर ने पूछा – ''कुछ मालूम हुआ?''

बीरबल ने उत्तर दिया– ''जी हुज़ूर! आपके यहाँ नौ सौ बहत्तर कौए हैं।'' राजसभा में सब दंग रह गए। कैसे गिना कौओं को!

अकबर बोल उठे – ''अधिक या कम हुए तो..... ?''

बीरबल अकबर की आँखों में झाँककर बोले– हुज़ूर। अधिक हुए तो दूसरे शहरों से कौओं के घर मेहमान आए होंगे। कम हुए तो हमारे शहर के कौए दूसरे शहर घूमने गए होंगे।''

अकबर का मुँह खुला रह गया।

सभी ठहाका मारकर हँस पड़े।

दिनांक

# कितने कौए

दिवस–100

**शिक्षण–निर्देश :**

शिक्षक/शिक्षिका विद्यार्थियों से कहानी के शीर्षक पर बातचीत के साथ पूरी कहानी को मौखिक रूप से सुनाएँ (अंत छोड़कर)। उसके बाद विद्यार्थियों से आकाश में उड़ने वाले पक्षियों तथा वस्तुओं पर बातचीत करें।

चित्र देखिए और प्रश्नों के उत्तर लिखिए–



(क) चित्र में कौन–कौन दिखाई दे रहा है ?

(ख) कौआ कहाँ मँडरा रहा था ?

(ग) कौए ने अकबर को किससे मारा ?

चार पक्षियों के नाम लिखिए–

चित्र में दिखाई देने वाले पक्षी के बारे में लिखिए–



दिनांक

# कितने कौए

दिवस–101

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को दो समूह में बाँटकर पहले समूह को शब्द तथा दूसरे समूह को उसका अर्थ बताने को कहें।

## अक्षरों को सजाकर शब्द लिखें–

| | | | |
|---|---|---|---|
| क , अ , र , ब | अकबर | ज , रा , नी , धा | |
| ब , र , बी , ल | | द , बा , र , र | |
| क , चा , र्म , री | | मँ , रा , ड , ना | |

## बॉक्स में से सही शब्द भरकर अनुच्छेद पूरा कीजिए–

अकबर, कौआ, बगीचे, उड़ा, हाथ, सिर, कदम, चोंच, गुस्सा, बगीचे

एक बार .................................. अपने .................................. में टहल रहें थे। एक .................................. उनके ..................................

पर मँडराने लगा। उन्होने कौए को .................................. से .................................. दिया।

दो .................................. चले कि कौआ फिर आ गया। उसने अकबर को .................................. मारी। अकबर को

बहुत .................................. आया। वे .................................. से लौट आए।

## नीचे दिए गए शब्दों को अपनी भाषा में लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| बगीचा | | जवाब | |
| सिर | | प्रश्न | |

**शिक्षण–निर्देश :**

कहानी में आए राजदरबारी और राजधानी शब्दों की सहायता से 'राज' से बनने वाले अन्य शब्दों की समझ एवं पहचान करवाएँ।

## नीचे दिए गए शब्दों का अर्थ लिखिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| राजदरबार | | मँडराना | |
| राजधानी | | कर्मचारी | |

## नीचे दिए गए उल्टे अर्थ वाले शब्द की जोड़ी बनाइए और लिखिए–

प्रश्न, गलत, पुराना, सही, हँसना, नया, कम, मरना, उत्तर, ज्यादा, रोना, जीना

जैसे–

जीना — मरना

(क) .................... — ....................

(ख) .................... — ....................

(ग) .................... — ....................

(घ) .................... — ....................

(ङ) .................... — ....................

## चित्र देखिए, पहचानिए और उसमें दिखाई देने वाले का नाम लिखिए–



राजदरबार

| दिनांक | # कितने कौए | दिवस–103 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

कहानी के वाक्यों की सहायता से वाक्यों के सही क्रम की समझ दें **उदाहरण–** अभ्यास–पुस्तिका का अंतिम अभ्यास।

दिए गए शब्दों को उसके अर्थ के साथ मिलाइए–

| | |
|---|---|
| मँडराना | हैरान होना |
| दंग रह जाना | सोने के सिक्के |
| मेहमान | आस–पास चक्कर काटना |
| अशर्फ़ियाँ | प्रवेश करना |
| दाखिल होना | अतिथि |

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

(क) बगीचा –

(ख) कौआ –

(ग) चोंच –

शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य बनाइए और लिखिए–

| | |
|---|---|
| (क) टहल बगीचे में अकबर रहे थे | अकबर बगीचे में टहल रहे थे। |
| (ख) सिर कौआ पर मँडराने लगा | |
| (ग) राजधानी भारत दिल्ली की है | |
| (घ) अकबर ने कौए को चोंच मारी | |
| (ङ) दरबार लगा दूसरे दिन | |

| दिनांक | कितने कौए | दिवस–104 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

कहानी के शब्दों की सहायता से 'वचन' की समझ तथा उनका वाक्यों में प्रयोग कर वाक्य की समझ दें।

दिए शब्दों के आगे चार–चार शब्द लिखें हैं इनमें से एक अलग है। उस शब्द को चुनकर गोल करके बॉक्स में लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| सप्ताह | – दिन, महीना, साल, दीवार | दीवार |
| पैसा | – रुपया , रस्सी, सिक्का, टका | |
| घर | – दरवाजा, खिड़की, बोतल, दीवार | |
| सूरज | – धरती, गरमी, पसीना, धूप | |
| कटोरी | – कड़ाही, तश्तरी, चूल्हा, गिलास | |

देखिए, समझिए और मिलाइए–

| | | |
|---|---|---|
| अशर्फी | कौए | बगीचे में रंग–बिरंगी तितलियाँ हैं। |
| तितली | अशर्फियाँ | लकड़ियाँ सूखी हैं। |
| कौआ | तितलियाँ | चीटियाँ मिठाई खाती हैं। |
| चींटी | लकड़ियाँ | कौए ने अकबर को चोंच मारी। |
| लकड़ी | गाड़ियाँ | मुझे एक हजार अशर्फियाँ चाहिए। |
| गाड़ी | चीटियाँ | सड़क पर गाड़ियाँ दौड़ रही हैं। |

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

(क) मंत्री –

(ख) दरबार –

दिनांक

# कितने कौए

दिवस–105

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से कहानी के पूरे घटनाक्रम पर बातचीत करें।

## खाली स्थानों को भरिए–

(क) अकबर ................................................ में टहल रहे थे। ( घर, बगीचे )

(ख) कौए ने ................................................ को चोंच मारी। (अकबर, बीरबल )

(ग) हमारी राजधानी में कितने ................................................ होंगे। (कौए, तोते )

(घ) बीरबल ने कहा–''मुझे एक हजार ................................................ चाहिए। (हीरे, अशर्फियाँ )

(ङ) बीरबल ने कौओं की कुल संख्या................................................ बताई। (नौ सौ बहत्तर, दो सौ बहत्तर)

## कहानी के घटनाक्रम के अनुसार वाक्यों का क्रम लिखिए–

| | |
|---|---|
| (क) अकबर ने बीरबल को कौओ की संख्या गिनने को कहा। | |
| (ख) अकबर के सिर पर कौआ मँडराने लगा। | |
| (ग) अकबर को बहुत गुस्सा आया। | |
| (घ) अकबर का मुँह खुला रह गया। | पाँचवाँ |
| (ङ) अकबर बगीचे में टहल रहे थे। | |

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) अकबर ने अपने दरबारियों से क्या प्रश्न किया?

(ख) बीरबल ने अकबर से क्या माँगा?

(ग) बीरबल ने अकबर से कितने दिन का समय माँगा?

# कितने कौए

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कहानी का प्रश्नोत्तरी द्वारा पुनरावर्तन करवाएँ साथ ही साथ कहानी में आए संवाद पर बातचीत करें। **उदाहरण–** किसने कहा, क्यों कहा, कब कहा आदि।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) राजसभा के सभी मंत्री और दरबारी दंग रह गए क्योंकि ?

(ख) बीरबल ने कौओं की संख्या कितनी बताई ?

(ग) अगर आपको एक हजार अशर्फियाँ मिलें तो आप क्या करेंगे ?

## किसने कहा ? किससे कहा ?

| | **किसने कहा ?** | **किससे कहा ?** |
|---|---|---|
| (क) ऐसे प्रश्नों के उत्तर नहीं होते। | ........................ | ........................ |
| (ख) मैं तुम्हें यह काम सौप रहा हूँ। | ........................ | ........................ |
| (ग) ''ठीक है हुजूर''। | ........................ | ........................ |
| (घ) ''कुछ मालूम हुआ ?''। | ........................ | ........................ |
| (ङ) ''जी हुजूर! आपके यहाँ नौ सौ बहत्तर कौए हैं।'' | | ........................ |

## राजमहल में 'राज' प्रारंभ में जुड़ा हुआ है, पाठ में से 'राज' लगे शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए–

दिनांक

# कितने कौए

दिवस–107

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को अकबर–बीरबल की अन्य कहानी सुनाएँ तथा कहानी के पात्रों पर चर्चा करें।

नीचे दिए गए कथन के आगे सही (√) और गलत (X) का चिह्न लगाइए–

(क) अकबर अपने कमरे में टहल रहे थे। ☐

(ख) अकबर को कबूतर ने चोंच मारी। ☐

(ग) अकबर ने बीरबल से एक सप्ताह में जवाब माँगी। ☐

(घ) बीरबल ने अकबर से एक हज़ार अशर्फियाँ माँगी। ☐

(ङ) बीरबल के जवाब को सुनकर सब हँसने लगे। ☐

कहानी में आए शब्दों को घेरा (O) लगाइए–

राजदरबार , फुटबॉल , सुन्दर , वाणी , चोंच , बचपन , बकरी , घास , अशर्फ़ियाँ ,राजमुकुट

बादल , कीचड़ , राजसभा , भइया , भोर , कौआ , बच्चा , भालू , मेहमान , मंत्री , राजदरबारी

दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए–

राजधानी –

मंत्री –

मेहमान –